जागरण

# नकली ब्रांडेड शराब का जखीरा पकड़ा, एक गिरफ्तार

Publish Date:Tue, 03 Dec 2019 06:08 AM (IST)

संवाद सहयोगी, कायमगंज : कोतवाली पुलिस, स्वॉट टीम व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बिलौना नगला के एक खेत में छापामार कर नकली ब्रांडेड शराब का जखीरा पकड़ा। मौके पर स्प्रिट से नकली शराब बनाकर उन पर बब्बर शेर मिरांडा देशी शराब के रैपर चिपकाने के साथ क्यूआर कोड भी लगाए जा रहे थे। पुलिस ने एक आरोपित गिरफ्तार कर लिया, दो भाग गए।

अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने को चल रहे अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ. विनय प्रकाश राय, स्वॉट टीम प्रभारी दिनेश गौतम व आबकारी निरीक्षक शरद कुमार की संयुक्त टीम ने ग्राम बिलौना नगला में शम्मी के गन्ने के खेत में छापा मारकर 28 पेटी शराब, बड़ी मात्रा में रैपर व क्यूआर कोड बरामद किए। प्रति पेटी में 40 के हिसाब 1120 क्वार्टर बरामद हुए। जिसमें कुछ पर बब्बर शेर मिरांडा देशी शराब के रैपर लगे थे। कुछ में रैपर व क्यूआर कोड चिपका कर पेटियों को रखा जा रहा था। मौके पर स्प्रिट से शराब बन रही थी। पुलिस को देखते ही नकली शराब बनाकर पैकिग कर रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। पुलिस मौके से ग्राम सैथरा निवासी अमित सक्सेना को पकड़ लिया। मुख्य आरोपित बिलौना नगला निवासी श्यामपाल व ग्राम सैथरा निवासी सुरजीत भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, कापीराइट एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/farrukhabad-fake-of-fake-branded-liquor-caught-one-arrested-19810456.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/farrukhabad-fake-of-fake-branded-liquor-caught-one-arrested-19810456.html)